# एस आई भर्ती का रास्ता साफ, हाई कोर्ट ने राज्य सरकार को 15 दिनों में परिणाम जारी करने के दिए निर्देश

**बिलासपुर | आरएनएस**

कई महीनों से आंदोलन कर रहे स्‍ढ्ढ भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए अब हाई कोर्ट ने रास्ता साफ कर दिया है. हाईकोर्ट जस्टिस एन.के. व्यास के सिंगल बेंच ने राज्य सरकार को 975 पोस्ट के लिए परिणाम जल्द जारी करने के आदेश दिए हैं. हाईकोर्ट ने आगामी 15 दिनों के भीतर स्‍ढ्ढ भर्ती परीक्षा के रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया है.

### 2018 में शुरू हुई थी भर्ती प्रक्रिया

बता दें, छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार के दौरान साल 2018 के अगस्त महीने में कुल 655 पदों के लिए स्‍ढ्ढ भर्ती की प्रक्रिया शुरू हुई थी. इसमें सूबेदार, सब इंस्पेक्टर, प्लाटून कमांडर, सब इंस्पेक्टर (विशेष शाखा) समेत कई अन्य पदों की भर्ती होनी थी. 2019 में सरकार भी बदल गई लेकिन परीक्षा आयोजित नहीं हुई. इसके बाद राज्य की नई सरकार (कांग्रेस) ने साल 2021 के अक्टूबर में 975 पोस्ट के लिए नए सिरे से विज्ञापन जारी किया था.



एस आई भर्ती परीक्षा की प्रक्रिया जून 2022 में शुरू हुई और 8 सितंबर 2023 तक चली. इस दौरान शारीरिक नापजोख जून-जुलाई 2022 में हुआ, प्रारंभिक परीक्षा 29 जनवरी 2023 को आयोजित की गई, जबकि मुख्य परीक्षा 26 मई से 29 मई 2023 तक हुई. इसके बाद शारीरिक दक्षता परीक्षा 18 से 30 जुलाई 2023 के बीच आयोजित की गई, और अंत में इंटरव्यू 17 अगस्त से 8 सितंबर 2023 के बीच लिया गया. परीक्षा को पूरा हुए 1 साल से अधिक हो गया, इस बीच एक बार फिर सरकार बदल गई. 2023 में भाजपा ने फिर से सरकार बनाई, लेकिन अब तक परीक्षा के परीणाम जारी नहीं हुए.

### अब तक जारी नहीं हुए परिणाम

परीक्षा परिणाम जारी करने को लेकर अभ्यर्थी कई बार आंदोलन कर चुके हैं. आमरण अनशन, मुंडन संस्कार, स्वच्छता अभियान और रक्तदान के जरिये कर अभ्यर्थी कई बार रिजल्ट की मांग कर चुके हैं. हाई कोर्ट के निर्देश के बाद अब जल्द ही अभ्यर्थियों की परेशानी खत्म होने की उम्मीद है.

एस आई भर्ती परीक्षा का मामला अदालत में पहुंच गया है. 29 जनवरी, 2023 को प्रारंभिक परीक्षा के बाद, 16 मई, 2023 को मुख्य परीक्षा के लिए योग्य उम्मीदवारों की सूची जारी की गई, जिसमें 370 महिला अभ्यर्थियों का चयन हुआ. इस चयन के बाद, जो अभ्यर्थी मेरिट सूची में नहीं आए, उन्होंने हाई कोर्ट में याचिकाएं दायर कीं, जिसमें भर्ती प्रक्रिया में अनियमितताओं और नियमों के उल्लंघन के आरोप लगाए गए. याचिका में कहा गया कि 975 पदों में से 247 प्लाटून कमांडर के थे और मेरिट सूची में 20 गुना अभ्यर्थियों का होना आवश्यक था, जबकि सूची में 6,013 महिला उम्मीदवारों के नाम शामिल थे. इस पर याचिकाकर्ताओं ने आपत्ति जताई. 20 मई, 2024 को बिलासपुर हाई कोर्ट ने आदेश दिया कि प्लाटून कमांडर की भर्ती में महिलाओं को शामिल करना गलत था, और उनकी जगह पुरुषों को शामिल करने का निर्देश दिया. हालांकि, कोर्ट के आदेश के पांच महीने बाद भी अंतिम परिणाम जारी नहीं हुआ, जिससे अभ्यर्थियों ने प्रदर्शन और अनशन किया.

### हाईकोर्ट ने 15 दिन के अंदर परीणाम जारी करने का दिया आदेश

आज 16 अक्टूबर को हाई कोर्ट ने एक बार फिर राज्य सरकार को 15 दिनों के भीतर परीक्षा परीणाम जारी करने के आदेश दिए हैं. अब देखने वाली बात है कि क्या अभ्यर्थियों को 15 दिन के भीतर परीक्षा परिणाम को लेकर राहत मिलेगी या नहीं.

## सुरेंद्र मिश्रा, लालमोहन पटेल और स्कूली बच्चों के मेहनत से पीएमश्री स्कूल बार ने रचाया कीर्तिमान

**पीएमश्री प्राथमिक स्कूल केंदवाही बार के सैकड़ों बच्चों हुए प्रतिष्ठित शिक्षा संस्थान में चयनित**

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने बरमकेला ब्लॉक के पीएमश्री प्राथमिक स्कूल केंदवाही बार का विगत दिवस निरीक्षण किया। कलेक्टर ने स्कूली बच्चों से उनके पढ़ाई के बारे में जाना और उन्हें शाबाशी दी। कलेक्टर ने इस स्कूल के लिए अपनी जमीन दान करने वाले लालमोहन पटेल से मुलाकात की और उनके द्वारा बच्चों की स्कूल के लिए दिए गए दान की तारीफ की।



निरीक्षण के दौरान प्रधान पाठक सुरेंद्र मिश्रा ने कलेक्टर को जानकारी दी कि इस स्कूल के लगभग 110 विद्यार्थी अपनी विशिष्ट पहचान के लिए क्षेत्र में जाने जाते हैं। यह सभी बच्चे होनहार एवं अपने ज्ञान से जवाहर उत्कृष्ट योजना और अन्य परीक्षा उत्तीर्ण कर कक्षा छठवीं से 12वीं की पढ़ाई नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल और रायपुर के प्रतिष्ठित निजी संस्थान राजकुमार कॉलेज जैसे रायपुर और रायगढ़ के निजी विद्यालयों में अध्यनरत हैं।

प्रधान पाठक सुरेंद्र मिश्रा ने कहा कि वह तन मन धन से स्कूली बच्चों के ज्ञान और उनके उज्जवल भविष्य के लिए हमेशा से निरंतर कार्य कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे। उनकी मंशा है कि सभी बच्चे अच्छे से पढ़ाई करें। परीक्षा में चयनित होकर बेहतर रोजगार और अपना नाम रोशन करें। उन्होंने स्कूल परिसर के दीवाल में सामान्य ज्ञान की जानकारी दीवार लेखन कराया है, जिससे स्कूली बच्चों का सामान्य ज्ञान बढ़ाने में मददगार है।

जमीन के दानदाता लालमोहन पटेल ने कहा कि वे चाहते थे कि गांव के बच्चे गांव में ही स्कूल जाएं इसलिए उन्होंने अपनी जमीन को स्कूल के लिए दान दी। वे चाहते हैं कि यदि मिडिल स्कूल के लिए भी दान की जरूरत पड़े तो वे दान देना चाहेंगे। उन्होंने कहा कि मेरा सौभाग्य है कि मैं स्कूल जैसे शिक्षा के मंदिर के लिए और अपने गांव के बच्चों के लिए जमीन दान में दिया है। उन्होंने बताया कि कोरोना काल के दौरान घर के बरामदे में जब शिक्षा देने का अवसर मिला तो उन्होंने अपने घर के परिसर में बड़े शेड के नीचे कक्षा संचालित करने के लिए स्थान दिया। लालमोहन पटेल और उनके परिवारजनों का सहयोग हमेशा से गांव के बालक बालिकाओं के प्रगति के लिए उत्साहपूर्वक सहयोगात्मक रहा है। निश्चित ही जमीन दानदाता, प्रधान पाठक और स्कूली बच्चों की मेहनत से केंदवाही बार के लगभग 110 बच्चों का चयन होना प्रधान पाठक सुरेंद्र मिश्रा, जमीन के दानदाता लालमोहन पटेल और स्कूली बच्चों के मेहनत, सहयोगात्मक और एक आदर्श परिवेश निर्माण और समाज के प्रति अपनी सहभागिता का उत्कृष्ट उदाहरण है। सुरेंद्र मिश्रा, लालमोहन पटेल और स्कूली बच्चों के मेहनत से पीएमश्री स्कूल बार ने यह कीर्तिमान स्थापित किया है।

## केंद्रीय टीम करेगी कनकबीरा स्वास्थ्य केंद्र की मानक जांच

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** जिले के स्वास्थ्य केंद्रों का राष्ट्रीय मानको के अनुरूप तैयार किया जा रहा है। इसी कड़ी में सारंगढ़ ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कनकबीरा में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक की टीम आगामी 18-19 अक्टूबर को जाँच में आएगी, जिसके लिए आवश्यक तैयारी पूरी कर ली गई हैं। सेक्टर प्रभारी अरुण नायक ने बताया की गाइडलाइन अनुसार व कलेक्टर धर्मेश साहू के निर्देशानुसार व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ.आर. निराला व खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. आर. एल. सिदार के मार्गदर्शन में हो रहा हैं। जिला एनक्यूएएस सलाहकार कृष्ण पुरी गोस्वामी का विशेष सहयोग कर रहे हैं। साथ ही समस्त स्टॉफ के मेहनत से तैयारी पूरी हो गई हैं और सभी कर्मचारी उत्सुक हैं।

**क्या है एनक्यूएएस-** एनक्यूएएस, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानकों को सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के साथ-साथ वैश्विक सर्वोत्तम प्रथाओं के लिए विशिष्ट आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है। इसकी शुरुआत 2017 में हुई हैं। एनक्यूएएस वर्तमान में जिला अस्पतालों, सामुदायिक और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र शहरी के लिए उपलब्ध है। मानक मुख्य रूप से प्रदाताओं के लिए पूर्व निर्धारित मानकों के माध्यम से सुधार के लिए अपनी स्वयं की गुणवत्ता का आकलन करने और प्रमाणन के लिए अपनी सुविधाओं को लाने के लिए है।

## उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र का कलेक्टर ने किया उद्घाटन

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

असाक्षर नागरिकों को साक्षर बनाने के उद्देश्य से चलाए जा रहे उल्लास नवभारत साक्षरता केंद्र सरिया का विगत दिवस कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य जिले में साक्षरता को बढ़ावा देना और समाज के हर वर्ग तक शिक्षा की पहुंच सुनिश्चित करना है। यह केंद्र सरिया के पीएमश्री शासकीय बालक प्राथमिक शाला परिसर में संचालित है, जहां कई बुजुर्ग महिलाएं पढ़ना लिखना सीख रही हैं।

कलेक्टर ने अपील किया कि सभी शिक्षित व्यक्ति अपने से जुड़े असाक्षर को साक्षर करें, जिससे यह कार्यक्रम निश्चित सफल होगा। यह उल्लास कार्यक्रम विशेष रूप से शिक्षा से वंचित और पिछड़े नागरिकों के लिए है। यह एक सुनहरा अवसर है। कलेक्टर ने छात्रों और शिक्षकों को इस पहल का हिस्सा बनने के लिए प्रोत्साहित किया और इसे सफल बनाने के लिए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। जिला शिक्षा अधिकारी लक्ष्मी प्रसाद पटेल ने बताया कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के माध्यम से न केवल बच्चों बल्कि वयस्कों को भी शिक्षित करने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के तहत विभिन्न कार्यशालाओं और अभियानों के माध्यम से शिक्षा के प्रति जागरूकता फैलाई जाएगी। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों के चेहरे में अनपढ़ और अशिक्षित होने के भाव से हुई निराशा को दूर करने की पहल है। इस कार्यक्रम के नाम के अनुरूप शिक्षित होने पर ऐसे सभी नागरिकों के चेहरे में उल्लास दिखाई देगा और अपने नाम को सार्थक करेगा। साथ ही शिक्षित होने पर ऐसे सभी भारतीय आत्मनिर्भर होकर जीवन को सार्थक बनाने में धार्मिक या अन्य किताब का अध्ययन करेंगे। कोई भी आवेदन लिख सकेंगे और देश दुनिया की जानकारी प्राप्त करेंगे।

## रायपुर की दो बहनों ने किया कमाल, बनाया आश्चर्यजनक विश्व रिकॉर्ड

**रायपुर | आरएनएस**

रायपुर की दो सगी बहनों ने विश्व रिकॉर्ड बनाया है. 6 साल की भव्या और 3 साल की भविशा कोटडिया दोनों ही बहने बहुत अद्भुत है. नन्ही सी भविशा कोटडिया ने 2 मिनट और 21 सेकंड के आश्चर्यजनक समय में 100 देशों की राजधानियों के नाम सुनाकर विश्व रिकार्ड बनाया है.




भविशा ने यह इतिहास 26 फरवरी 2024 को रचा, जब वह महज 2 साल, 11 महीने और 10 दिन की थी. उसने 141 सेकेंड में 100 देशों की राजधानियों के नाम बताकर वल्ड रिकॉर्ड बनाया. वहीं 28 फरवरी को भव्या कोटडिया की उम्र केवल 6 साल, 3 महीने और 5 दिन की थी, जब उसने 1 मिनट और 35 सेकंड के आश्चर्यजनक समय में 50 आविष्कारों और आविष्कारक का नाम सुनाकर वर्ड रिकॉर्ड बनाया.

भविशा और भव्या के लिए विश्व रिकॉर्ड तोडऩे का सफर आसान नहीं था. अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और घंटों समर्पित अभ्यास के साथ, दोनों बहनों ने अपनी याद रखने के शक्ती (मैमोरी पॉवर) को बढ़ाया और कठिन जानकारियों को आसानी से याद करने की कला में महारथ हासिल की. जानकारी को बनाए रखने और जरूरत पडऩे पर तुरंत उसे पुन: प्राप्त करने की उनकी क्षमता ने भविशा और भव्या को अपने साथियों से अलग बना दिया और उनकी रिकॉर्ड- ब्रेकिंग उपलब्धि का मार्ग प्रशस्त किया. कोटडिया बहनों की रिकॉर्ड ब्रेकिंग उपलब्धि ने उन्हें वल्डवाइड बुक ऑफ रिकॉड्र्स में एक अच्छी-खासी पहचान दिला दी है.

## 125 एमबीबीएस पास डॉक्टरों को स्वास्थ्य विभाग ने दी पोस्टिंग

**रायपुर | आरएनएस**

स्वास्थ्य विभाग ने 125 एमबीबीएस पास डॉक्टरों व छात्रों को दो साल की संविदा नियुक्त पर प्रदेश के अस्पतालों में पदस्थ किया है। डॉ. रिया जायसवाल को बैकुंठपुर, डॉ. विजया खेलवाड़े को अभनपुर, डॉ. आयुष पटेल को बोरिया खुर्द, डॉ. रूप शुक्ला को बस्तर, डॉ. आयुष कुमार सिंघानिया, डॉ. मानसी सिंह, डॉ. प्रीति जाटवार व डॉ. विश्वजा जाउरकर को मेडिकल कालेज रायपुर में पदस्थ किया गया है।



इनके अलावा डॉ. सुमन सचदेव को गोबरा नवापारा, डॉ. ऐश्वर्या कश्यप को भनपुरी, डॉ. हर्षाली नवलानी चटौद, डॉ. पंकज अग्रवाल दामाखेड़ा, डॉ. साक्षी केशरवानी रोहांसी, डॉ. वैदेही यादव कोसमंदी, डॉ. साइमा चौबे महासमुंद, डॉ. साक्षी नथानी, डॉ. दियांश कश्यप, डॉ. दीक्षा सिंह व डॉ. आकांक्षा तिवारी बिलासपुर, डॉ. आंचल गर्ग व डॉ. श्रुति पांडेय मस्तूरी, डॉ. शिवांगी पांडेय पोड़ीदल्हा, डॉ. मोनिका शर्मा रतनपुर, डॉ. प्रणम्य वैष्णव घौरपुरा, डॉ. कार्तिकेय सापरिया राम्हेपुर, डॉ. रोशन सोनी चेतमा, डॉ. अरविंद पटेल झलमला, डॉ. भास्कर मिश्रा बस्ती में पदस्थ किए गए हैं। डॉ. मयंक कुमार कौशले बलौदा, डॉ. नुपूर दवे सोंठी, डॉ. प्रवेश अग्रवाल सारंगढ़, डॉ. गौरवकांत ताम्रकर सुपेला, डॉ. सृष्टि गुप्ता भिलाई -3, डॉ. प्रांजलि साहू धमधा, डॉ. खुशबू यादव अंजोरा, डॉ. ऋषभ जैन बटरेल, ईशिता धीर राजनांदगांव, डॉ. पुरुषोत्तम धनेलिया कबीरधाम, डॉ. अमन विरदी बेमेतरा, डॉ. विशे, साहू मरका, डॉ. वेदप्रकाश सिन्हा गोटाटोला, डॉ. शुभम ठाकुर दल्ली राजहरा, डॉ. सौरभ अग्रवालदरिमा, डॉ. शचिस कुमार मिश्रा कमलपुर, डॉ. आयुष जैन अंबिकापुर और डॉ. आयुशी गुप्ता मेडिकल कालेज अंबिकापुर के नाम शामिल हैं। डॉ. प्रणव कुमार सिंह मरावी वंदना, डॉ. रोज सिंह चिरमिरी, डॉ. उत्कर्ष वर्मा धरसेड़ी व डॉ. उन्नति गुप्ता बलरामपुर में पदस्थ किए गए हैं।

## सारंगढ़ और बरमकेला में हुआ ब्लॉक स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ

**सारंगढ़ बिलाईगढ़**

सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान और बरमकेला के मिनी स्टेडियम में विकासखंड स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सारंगढ़ में बिहान समूह और ग्रामीण महिलाओं ने उत्साह के साथ वेटलिफ्टिंग और अन्य खेल में शामिल हुए, वहीं स्कूल और कॉलेज के छात्राओं ने सभी खेल में हिस्सा लिया। इस खेल प्रतियोगिता में 9 से 18 आयु वर्ग की एवं 18 से 35 आयु वर्ग की बालिकाएं और महिलाएं सम्मिलित हुई। महिला वर्ग के इस एथलेटिक्स में तवाफेंक, खोखो, फुटबाल, वालीबाल, बास्केटबाल, बैडमिंटन, वेटलिफ्टिंग, रस्साकशी, कुश्ती, हॉकी 100 मीटर और 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता किया गया।



सारंगढ़ में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि डिप्टी कलेक्टर द्वय मधु गबेल और शिक्षा शर्मा के द्वारा शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी का आरती उतार और राजकीय गीत के साथ किया गया। 100 मीटर दौड़ को डिप्टी कलेक्टर मधु के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। अतिथियों ने विजेताओं को पुरस्कृत किया।

डिप्टी कलेक्टर मधु ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस टूर्नामेंट का उद्देश्य नगर के और क्षेत्र के गांवों में खेल के प्रति रुचि बढ़ाना तथा छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारना है। इस तरह के आयोजन से क्षेत्र में महिलाओं को खेल के प्रति रुचि तथा उत्साह तो बढ़ेगा ही साथ ही वे सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी खेलने के लिए प्रोत्साहित होंगे। डिप्टी कलेक्टर शिक्षा शर्मा ने कहा कि खिलाड़ियों को शारीरिक रूप से चुस्त दुरुस्त रहना जरूरी है। खेल में एकाग्रता, साहस और टीम भावना से कार्य करने में मदद मिलती है। इस प्रतियोगिता में सभी खिलाड़ी खेल भावना से खेलते हुए अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे। सभी खिलाड़ियों को शुभकामना एवं बधाई। वरिष्ठ पत्रकार भरत अग्रवाल ने कहा कि खेल, खेलभावना से खेली जाए, खेल में प्रतिस्पर्धा हो प्रतिद्वंदिता नहीं। खिलाड़ी खेल खेलते समय या तो जीतते है या फिर सीखते है। कार्यक्रम की अध्यक्षता उप संचालक समाज कल्याण विनय तिवारी ने किया। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में पत्रकार अब्बास अली, भरत अग्रवाल और लायंस क्लब के कैजार अली उपस्थित थे। इस प्रतियोगिता के प्रभारी अधिकारी कौशल ठेठवार थे। मंच संचालन डॉ आर बी तिवारी ने किया।

## महत्वपूर्ण एवं खास

### सर्वेश्वर धाम मंदिर में चोरी,घटना सीसीटीवी में कैद,जांच में जुटी पुलिस

**भिलाई (आरएनएस)।** दुर्ग से इस वक्त बड़ी खबर सामने आ रही है जहां भिलाई के सेक्टर 4 स्थित मार्केट में सर्वेश्वर धाम मंदिर में चोरी हो गई चोरी करते वक्त और ओके पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई जिसमें सीसीटीवी में देखा जा सकता है कि किस तरह कर पहले भगवान की मूर्ति के सामने बैठकर हाथ जोड़ते हैं फिर उसके बाद बाकायदा दान पेटी तोड़ते हैं और ताला तोडऩे के बाद आराम से दान पेटी के अंदर का रुपया और पैसा लेकर फरार हो जाते हैं सुबह जब लोगों ने मंदिर का ताला टूटा देखा तो तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पुलिस पहुंची तो देखा कि मंदिर के साथ-साथ दान पेटी का भी ताला टूटा हुआ है तत्काल माजरा समझ आ गया सीसीटीवी कैमरे कंगाले गए तो पता चला कि चोरों ने मंदिर के दान पेटी पर हाथ साफ कर दिया है फिलहाल सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

### कार से कुचलकर मासूम की मौत

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** घर के बाहर खेल रहे भाजपा नेता के बेटे को कार ने कुचल दिया. गंभीर हालत में बिलासपुर के अपोलो अस्पताल दाखिल मासूम की इलाज के दौरान मौत हो गई. मामले में आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है जानकारी के अनुसार, भाजपा नेता धीरज सिंहदेव का बेटा स्वतंत्र सिंहदेव बलरामपुर से अंबिकापुर में वसुंधरा कॉलोनी में रहने वाली अपनी बुआ के घर आया हुआ था. घर के बाहर खेलते समय कार ने अपनी चपेट में ले लिया. घटना में गंभीर रूप से घायल बच्चे को बिलासपुर स्थित अपोलो अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई. बच्चे को कुचले जाने की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है. घटना के बाद पुलिस ने आरोपी कार चालक को गिरफ्तार कर लिया है.

### रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के बाद अब प्रदेश के चौथे शहर अंबिकापुर से नियमित हवाई सेवा की तैयारी शुरू

**अंबिकापुर (आरएनएस)।** रायपुर, बिलासपुर और जगदलपुर के बाद अब प्रदेश के चौथे शहर अंबिकापुर से नियमित हवाई सेवा की तैयारी शुरू हो गई है. इस कड़ी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 20 अक्टूबर को दिल्ली से वर्चुअल जुड़ते हुए दरिमा स्थित मां महामाया एयरपोर्ट को प्रदेशवासियों को समर्पित करेंगे. अंबिकापुर-मैनपाट मार्ग पर ग्राम दरिमा में वर्ष 1950 से हवाई पट्टी थी, जिसका विकास हवाई अड्डे के रूप में किया गया है. विमान सेवा शुरू होने के पहले से ही दरिमा का हवाई पट्टी विशिष्टजनों के प्रवास का गवाह रही है. पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी दो बार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार विमान से दरिमा आ चुके हैं. अब भारत सरकार की महत्वकांक्षी योजना उड़ान योजना के तहत दरिमा एयरपोर्ट को नियमित उड़ान के लिए लाइसेंस मिल गया है. अम्बिकापुर के दरिमा विमानतल से हवाई सेवा के लिए केंद्र सरकार निजी विमानन कम्पनी को ठेका देगी. अंबिकापुर के निकटतम बिलासपुर एयरपोर्ट से देश के विभिन्न महानगरों के लिए अलायंस एयर कम्पनी द्वारा सुविधा मुहैया कराई जा रही है.

### अज्ञात वाहन ने अधेड़ को रौंदा

**रायपुर (आरएनएस)।** बंजारी बाबा मस्जिद के पेड़ के पास लेटे अधेड़ को अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक शेख रफीक 65 वर्ष ईदगाहभाठा आजाद चौक का रहने वाला था। वह बंजारी बाबा मस्जिद के पास सोया हुआ था, तभी अज्ञात वाहन के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उसे रौंद दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई7 मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छतीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छतीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

**मुख्य बिन्दु**
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

**पीड़ित संपर्क करें**
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

**अन्य बिन्दु**
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारें के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारें के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address :: Behind Stadium Near Career School, Raigarh, C.G. Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU